क्षतिग्रस्त ट्रैफिक सिग्नल एवं कैमरे को शीघ्र करायें प्रतिस्थापित-आयुक्त

कार्यालय प्रतिनिधि

गोरखपुर, ३ नवम्बर। मण्डलायुक्त गोरखपुर इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में महानगर गोरखपुर के विभिन्न चौराहों पर स्थापित इन्टेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आई.टी.एम.एस.) की वर्तमान स्थिति, उनकी क्रियाशीलता तथा रख-रखाव के सम्बन्ध में कार्यदायी संस्थाओं एवं सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक में यह तथ्य प्रकाश में आया कि महानगर में कुल 21 स्थानों चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल एवं कैमरे स्थापित किये गये हैं, जिनमें से 9 चौराहों के ट्रैफिक सिग्नल एवं कैमरे इन मार्गों के चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण के पश्चात क्षतिग्रस्त हो गये हैं, जिसके कारण यातायात व्यवस्था का संचालन एवं मानीटरिंग का कार्य प्रभावित हो रहा है। कार्यदायी संस्थाओं एवं नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आपसी समन्वय बनाकर इन क्षतिग्रस्त ट्रैफिक सिग्नलों एवं कैमरों को प्रत्येक दशा में पुनस्थापित करायें। साथ ही यह निर्देशित किया गया कि भविष्य में, यदि किसी मार्ग का चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण कराया जाता है, तो सम्बन्धित विभाग आपसी समन्वय बनाते हुये समस्त उपकरणों को सुरक्षित तरीके से हटाकर पुन नये चिन्हित स्थान पर सफलतापूर्वक स्थापित कराना सुनिश्चित करायें। बैठक में अपर नगर आयुक्त, नगर निगम गोरखपुर, अधीक्षण अभियन्ता, लो.नि.वि., गोरखपुर, सी.ओ. ट्रैफिक, गोरखपुर, परि.प्रबं. सेतु निगम, गोरखपुर, अधिशासी अभियन्ता, नि.खं.-३ एवं प्रांतीय खण्ड, लो.नि.वि. व अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन आज आयेंगे

कार्याल प्रतिनिधि

गोरखपुर, ३ नवम्बर। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के 4 नवंबर को प्रस्तावित गोरखपुर आगमन एवं 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा' कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कार्यक्रम को लेकर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। भाजपा गोरखपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद राय ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत के लिए गोरखपुर एयरपोर्ट से सर्किट हाउस तक छह स्वागत प्वाइंट बनाए गए हैं। एवं पदयात्रा मार्ग पर कुल 18 स्वागत पॉइंट बनाए गए हैं। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन प्रात: 11 बजे गोरखपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से सर्किट हाउस पहुंचने के बाद महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल, प्रदेश महामंत्री एवं उत्तर प्रदेश के प्रभारी अभिजात मिश्रा, राष्ट्रीय महामंत्री एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े, राष्ट्रीय महामंत्री हरीश द्विवेदी, राष्ट्रीय मंत्री प्रदीप वर्मा, निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद, सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर तथा अपना दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल सहित अनेक वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज में जनसभा के उपरांत राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नबीन 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा' का शुभारंभ करेंगे। यह पदयात्रा महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज से प्रारंभ होकर गोलघर स्थित काली मंदिर के निकट सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा तक पहुंचेगी। पदयात्रा मार्ग पर कुल 18 स्वागत प्वाइंट बनाए गए हैं, जहां विभिन्न सामाजिक एवं संगठनात्मक संगठनों के पदाधिकारी तथा आमजन उपस्थित रहकर स्वागत करेंगे। सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ पदयात्रा का समापन होगा। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने बताया कि पदयात्रा के उपरांत एनेक्सी भवन में प्रबुद्ध वर्ग की बैठक आयोजित होगी। इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे तथा दिन के अंतिम कार्यक्रम में पार्टी की कोर कमेटी की बैठक में शामिल होंगे। सभी बैठकों के उपरांत उनका रात्रि विश्राम गोरखपुर में होगा। उन्होंने बताया कि 5 नवंबर, गुरुवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रात: गोरखनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे। इसके बाद एनेक्सी भवन में पूर्व पदाधिकारियों की बैठक तथा पूर्व जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। कार्यक्रम के अंतिम चरण में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करने के उपरांत वह दिल्ली के लिए रवाना होंगे।



♦ होगा ऐतिहासिक स्वागत, जनसभा के बाद निकलेगी पदयात्रा♦सी.एम.योगी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भी होंगे शामिल

गोलघर में पैदल गश्त कर एडीजी ने देखी

अपराध संवाददाता

गोरखपुर, ३ नवम्बर। महानगर का हृदय स्थली कहे जाने वाले प्रमुख व्यावसायिक स्थल गोलघर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने और वहां की पार्किंग व्यवस्था का जायजा लेने के लिए मंगलवार को एडीजी जोन रामकुमार स्वंय सड़क पर उतरे। डीआईजी एस० चनपप्पा, एसएसपी डॉ० कौस्तुभ और एसपी ट्रैफिक अमित कुमार के साथ उन्होंने गोलघर की सड़कों पर पैदल गश्त किया और आये दिन मिलने वाली शिकायतों के संबंध में जमीनी हकीकत की। इस दौरान उन्होंने सड़क पर लगने वाले जाम, वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग और अतिक्रमण से उत्पन्न होने वाली समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने गोलघर की प्रमुख सड़कों और व्यस्त स्थानों पर पैदल भ्रमण कर यातायात संचालन की स्थिति देखी। उन्होंने यह जानकारी ली कि बाजार क्षेत्र में वाहनों की आवाजाही किस तरह संचालित हो रही है और पार्किंग की व्यवस्था कितनी प्रभावी है। साथ ही सड़क किनारे और निर्धारित पार्किंग स्थलों के आसपास खड़े वाहनों से यातायात पर पड़ने वाले प्रभाव का भी जायजा लिया। एडीजी ने वाहनों को निर्धारित स्थानों पर ही पार्क कराया जाए तथा सड़क पर बेतरतीब तरीके से वाहन खड़े करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने और सड़क और फुटपाथ पर अतिक्रमण के कारण पैदल चलने वालों और वाहन चालकों को होने वाली परेशानी का भी प्रभावी समाधान सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिया। एडीजी के निरीक्षण के दौरान साथ मौजूद एसएसपी डॉ० कौस्तुभ ने संबंधित को हिदायत दिया कि वह नगर के इस प्रमुख बाजार में यातायात व्यवस्था का व्यवस्थित बेहतर बनाने और खरीदारी और अन्य कार्यों से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग की सुविधाओं का भी ध्यान रखें, जिससे नागरिकों को भी आवागमन में परेशानी न हो। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के प्रति सतर्क रहने और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

आज आयेंगे उपमुख्य मंत्री ब्रजेश पाठक

गोरखपुर, ३ नवम्बर। प्राप्त सूचना के अनुसार प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का 4 नवम्बर को 3.05 बजे जनपद में आगमन होगा। उप मुख्यमंत्री 6.30 बजे से भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित बैठक में प्रतिभाग करने उपरान्त लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

कारागार मंत्री आज शहर में

गोरखपुर, ३ नवम्बर। प्राप्त सूचना के अनुसार प्रदेश के कारागार विभाग मंत्री दारा सिंह चौहान का आज दिनांक 3 नवम्बर को 6.30 बजे जनपद में आगमन होगा। मंत्री 4 नवम्बर को महाराणा प्रताप इण्टर कालेज लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ विशाल पद यात्रा एवं समस्त अन्य कार्यक्रम में सम्मिलित होने के पश्चात 6 बजे से लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

त्योहारों पर अतिरिक्त सुविधा के लिए चलेगी विशेष गाड़ी

गोरखपुर, ३ नवम्बर। रेल प्रशासन द्वारा दीपावली एवं छठ त्यौहारों पर रेल यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा हेतु 09129/09130 उत्राण-लालकुआँ-उत्राण साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन उत्राण से 5 एवं 12 नवम्बर प्रत्येक बृहस्पतिवार को तथा लालकुआँ से 6 एवं 13 नवम्बर प्रत्येक शुक्रवार को 2 फेरों के लिये किया जायेगा। 09129 उत्राण-लालकुआँ साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी 5 एवं 12 नवम्बर प्रत्येक बृहस्पतिवार को उत्राण से 15 बजे प्रस्थान कर अंकलेश्वर से 15.38 बजे, भरुच से 15.52 बजे, वडोदरा से 17.30 बजे, गोधरा से 19.27 बजे, दाहोद से 20.20 बजे, रतलाम से 22.35 बजे, नागदा से 23.40 बजे, दूसरे दिन कोटा से 3.10 बजे, सवाई माधोपुर से 4.52 बजे, गंगापुर सिटी से 5.55 बजे, भरतपुर से 8.32 बजे, मथुरा जं. से 10.05 बजे, हाथरस सिटी से 10.47 बजे, कासगंज से 11.52 बजे, बदायूँ से 12.52 बजे, बरेली से 13.50 बजे, बरेली सिटी से 14.05 बजे, इज्जतनगर से 14.30 बजे, बहेड़ी से 15.05 बजे तथा किच्छा से 15.22 बजे छूटकर लालकुआँ 16.10 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में 09130 लालकुआँ-उत्राण साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी 6 एवं 13 नवम्बर प्रत्येक शुक्रवार को लालकुआँ से 22 बजे प्रस्थान कर किच्छा से 22.27 बजे, बहेड़ी से 22.45 बजे, इज्जतनगर से 23.35 बजे, बरेली सिटी से 23.55 बजे, दूसरे दिन बरेली से 13 बजे, बदायूँ से 1.05 बजे, कासगंज से 2.30 बजे, हाथरस सिटी से 3.37 बजे, मथुरा जं. से 4.55 बजे, भरतपुर से 6.32 बजे, गंगापुर सिटी से 8.35 बजे, सवाई माधोपुर से 9.32 बजे, कोटा से 11.20 बजे, नागदा से 14.57 बजे, रतलाम से 15.40 बजे, दाहोद से 17.07 बजे, गोधरा से 18.17 बजे, वडोदरा से 20 बजे, भरुच से 21.02 बजे तथा अंकलेश्वर से 21.17 बजे छूटकर उत्राण 22.15 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 1, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 3, शयनयान श्रेणी के 12, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 4 तथा एस.एल.आर. के 2 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।



स्वीकृति के 6 माह बाद भी नहीं मिली पीएम आवास की धनराशि

गोरखपुर, ३ नवम्बर। प्रधान मंत्री आवास के लिए जांच में पात्र पाये गये 13 आवेदकों को स्वीकृति के 6 माह बाद भी बैंक खाते में पहली किस्त की धनराशि नहीं भेजी जा सकी। जिससे परेशान आवेदक ब्लाक कार्यालय का चक्कर लगाने में लगे हैं।



बांसगांव प्रतिनिधि के अनुसार गगहा ब्लाक के ग्राम गड़ही निवासी पारसनाथ निषाद पुत्र बुद्धू, जरीना पत्नी मुंसफ शेख, अनिता देवी पत्नी अंगद भारती, इन्द्रावती पत्नी प्रहलाद, विद्यावती देवी पत्नी जयनाथ, सुशीला देवी पत्नी रामसुरेश, गुड्डी देवी पत्नी राजदेव, बिट्टू देवी पत्नी दिनेश, सावित्री देवी पत्नी संजय, विद्यावती देवी पत्नी नितई, सरस्वती देवी पत्नी राम सुभाष, सुमित्रा देवी पत्नी क्षत्रधारी, सिंधु देवी पत्नी रामनवल सहित कुल 13 आवेदकों का जांच में पात्र पाये जाने पर पिछले मई माह में प्रधान मंत्री आवास स्वीकृति हुआ है। लेकिन 6 माह बाद भी पहली किस्त नहीं भेजी जा सकी। इससे परेशान आवेदक ब्लाक कार्यालय का चक्कर लगाने में लगे हैं।

गोरखपुर पहुंचे तेलंगाना के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल

गोरखपुर, ३ नवम्बर। तेलंगाना के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल तीन नवंबर को शाम गोरखपुर आ गये हैं। दो दिन विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के बाद वह छह को हैदराबाद के लिए प्रस्थान करेंगे। उनके आगमन को लेकर तेलंगाना के लोकभवन से मिनट्स जारी हो गया है। राज्यपाल 11 को हैदराबाद की फ्लाइट से मंगलवार शाम 4.40 बजे अयोध्या एयरपोर्ट पर उतरेंगे। वहां से सड़क मार्ग से शाम करीब 7.30 बजे बेतियाहाता स्थित आवास पहुंचेंगे। बुधवार को सुबह 10 बजे भीष्म चौधरी के सिविल लाइंस स्थित आवास पर जाएंगे। वहां आधे घंटे रहने के बाद अपने आवास पर आ जाएंगे। इसके बाद अपराह्न तीन बजे उनौला के लिए निकलेंगे। वहां विकास भारती स्कूल में



साढ़े तीन से पांच बजे तक संस्थापक दिवस समारोह में हिस्सा लेंगे। वहां से अपने आवास पर आ जाएंगे। बृहस्पतिवार को दोपहर एक बजे गोला बाजार क्षेत्र के गोपलापुर के लिए निकलेंगे। वहां स्थित वहां सिद्धि विनायक बैंक्वेट हॉल में दोपहर सवा दो से 4.45 बजे तक आयोजित दीपावली मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। वहां से 4.50 बजे निकलकर शाम 5.35 बजे संतकबीरनगर जिले के खाजो स्थित चंद्रावती शीतल पाल गौशाला पहुंचेंगे। वहां से शाम छह बजे निकलकर शाम सात बजे अपने बेतियाहाता आवास पर पहुंचेंगे। अगले दिन यानी शुक्रवार को दोपहर एक बजे गोरखपुर एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे। वहां से दोपहर 1.20 बजे की फ्लाइट से हैदराबाद के लिए प्रस्थान करेंगे।

पुलिस चौकी के नए भवन स्थल का सीओ ने किया भूमिपूजन

गोरखपुर, ३ नवम्बर। गोरखपुर-पिपराइच मार्ग के चौड़ीकरण की जद में आये पादरी बाजार पुलिस चौकी को जल्द ही नया भवन मिलेगा। मंगलवार को पुलिस चौकी के नये भवन स्थल का सीओ गोरखनाथ रवि कुमार सिंह ने अपने सहयोगियों शाहपुर थाना प्रभारी अंजय कुमार सिंह चौंकी प्रभारी गौरव तिवारी के साथ विधि-विधान से भूमिपूजन किया। भूमि पूजन के दौरान मौके पर स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस स्थल पर चौकी भवन के बनाये जाने पर इलाके में कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। ज्ञातव्य है कि पादरी बाजार शहर के प्रमुख और व्यस्त इलाकों में शामिल है। यहां लगातार बढ़ती आबादी, बाजार में लोगों की आवाजाही और मुख्य मार्गों पर बढ़ते यातायात को देखते हुए पुलिस चौकी की भूमिका बेहद अहम है। चौकी के माध्यम से क्षेत्र में होने वाली छोटी-बड़ी घटनाओं पर तत्काल पुलिस की पहुंच सुनिश्चित करख्ने के साथ ही अपराध नियंत्रण, गश्त और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलती है।

पीड़ित परिवारों से मिला सपा प्रतिनिधिमंडल

गोरखपुर, ३ नवम्बर। जनपद गोरखपुर विधानसभा पिपराइच के गुलारिहा थाना अंतर्गत ग्राम सभा जंगल अयोध्या प्रसाद में दिनांक 21.1..2.26 को दुर्गा पूजा प्रतिमा विसर्जन के दौरान प्रतिमा एवं हाई टेंशन तार के संपर्क में आने के कारण तीन युवकों की मौके पर मृत्यु एवं आठ लोग घायल हो गए थे घटना की सूचना प्राप्त होने पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर एक प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवारों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त किया एवं पार्टी द्वारा जारी धनराशि पीड़ितों को उपलब्ध कराया। मृतकों के नाम क्रमश: लकी चौहान,विक्की चौहान पुत्र गण



शिवकुमार चौहान, चंदन चौहान पुत्र केदारनाथ चौहान घायलों के नाम क्रमश: सुंजा चौहान पुत्री जुगनी चौहान, नंदिनी चौहान पुत्री अर्जुन चौहान, शांतनु चौहान पुत्र अजीत चौहान, मोनू चौहान पुत्र चंद्रिका चौहान, अंशिका चौहान पुत्री पचदेव चौहान, शिवानी चौहान पुत्री प्रकाश चौहान, मोनू चौहान पुत्र चंद्रिका चौहान, धीरेंद्र चौहान पुत्र श्यामबरन चौहान मृतक दो परिवार को एक-एक लाख रुपए का चेक एवं आठ घायलों को 25 /25 हजार रुपए का आर्थिक सहयोग पार्टी द्वारा किया गया।

नितिन नवीन के स्वागत में बड़ी संख्या में जुटेंगी महिलाएं-चित्रा देवी

गोरखपुर, ३ नवम्बर। लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ अभियान के तहत भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के पहली बार बाबा गोरखनाथ की तपोभूमि गोरखपुर आगमन पर स्वागत की तैयारियां की जा रही हैं। भाजपा महिला मोर्चा की क्षेत्रीय मंत्री चित्रा देवी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत में बड़ी संख्या में महिलाएं भाग लेंगी। चित्रा देवी ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन पर पदयात्रा के दौरान एमपी इंटर कॉलेज के प्रांगण में उनका स्वागत किया जाएगा। इसके लिए क्षेत्र की महिलाओं से संपर्क किया जा रहा है। उन्होंने सभी सम्मानित महिलाओं से अधिक से अधिक संख्या में एमपी इंटर कॉलेज पहुंचने की अपील की। चित्रा देवी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का गोरखपुर में प्रथम आगमन सभी कार्यकर्ताओं के लिए उत्साह का अवसर है। महिला मोर्चा की ओर से उनके स्वागत में पूरी भागीदारी निभाई जाएगी।



प्रशासनिक नरमी से मछुआरों ने फिर रोकी परई ताल की जलनिकासी

गोरखपुर, ३ नवम्बर। बांसगांव तहसील के राजस्व ग्राम तालमियार व आबगीर क्षेत्र में स्थित परई ताल के आसपास के किसानों की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ गई हैं। कुछ समय पहले प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद पुरानी नदी में मेड़बंदी कर बांस-बल्ली के सहारे लगाईं गयीं जालों को हटवाने के बाद शुरू हुई जलनिकासी को प्रशासनिक नरमी के चलते मनबढ़ मछुआरों ने एक बार अवरूद्ध कर दिया है। इससे चक्रवाती बारिश से परई ताल में इकट्ठा हुए पानी से करीब एक हजार कृषि योग्य भूमि के पुन: जलमग्न हो जाने से किसान गेहूं की बुआई को लेकर परेशान हो उठे हैं। बांसगांव प्रतिनिधि के अनुसार मंगलवार को नगर पंचायत बांसगांव के निवासी किसान यशवंत सिंह, रमेश सिंह, कुलदीप सिंह, नागेंद्र सिंह, सोनू सिंह, सरवन सिंह, बंटी सिंह, गौरव सिंह एडवोकेट, सुनील सिंह नीरज सिंह आदि ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपर कर तत्काल जल निकासी की व्यवस्था कराने की मांग की है। किसानों ने एसडीएम से मांग है कि राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर पुरानी नदी में भस्मा, कटया और कसिहार सहित सभी प्रभावित स्थानों पर बांस-बल्ली के सहारे मेड़बंदी कर लगाई गयी जाल को तत्काल हटवाया जाय, ताकि अवरूद्ध की गयी जलनिकासी का रास्ता पूरी तरह साफ हो सके।



चार फेरों में चलेगी विशेष ट्रेन

गोरखपुर, ३ नवम्बर। रेल प्रशासन द्वारा दीपावली एवं छठ त्यौहारों पर रेल यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा हेतु 04022/04021 नई दिल्ली-गोरखपुर-नई दिल्ली आरक्षित साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन नई दिल्ली से 6 एवं 13 नवम्बर प्रत्येक शुक्रवार को तथा गोरखपुर से 7 एवं 14 नवम्बर प्रत्येक शनिवार को 2 फेरों के लिये किया जायेगा। 04022 नई दिल्ली-गोरखपुर आरक्षित साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी 6 एवं 13 नवम्बर प्रत्येक शुक्रवार को नई दिल्ली से 14.30 बजे प्रस्थान कर गाज़ियाबाद से 15.20 बजे, हापुड़ से 16.08 बजे, मुरादाबाद से 17.58 बजे, बरेली से 19.17 बजे, शाहजहाँपुर से 20.20 बजे, हरदोई से 21.12 बजे, लखनऊ (उत्तर रेलवे) से 23.30 बजे, दूसरे दिन गोंडा से 1.32 बजे, बस्ती से 2.40 बजे तथा खलीलाबाद से 3.30 बजे छूटकर गोरखपुर 4.10 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में 04021 गोरखपुर-नई दिल्ली आरक्षित साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी 7 एवं 14 नवम्बर प्रत्येक शनिवार को गोरखपुर से 7 बजे प्रस्थान कर खलीलाबाद से 7.42 बजे, बस्ती से 8.05 बजे, गोंडा से 9.45 बजे, लखनऊ (उत्तर रेलवे) से 13.20 बजे, हरदोई से 14.50 बजे, शाहजहाँपुर से 16.40 बजे, बरेली से 17.52 बजे, मुरादाबाद से 19.35 बजे, हापुड़ से 21.10 बजे तथा गाज़ियाबाद से 22.12 बजे छूटकर नई दिल्ली 23.10 बजे पहुँचेगी।

दीपावली एवं छठ पर्व की तैयारियों को लेकर नगर आयुक्त ने की समीक्षा बैठक

गोरखपुर, ३ नवम्बर। आगामी दीपावली एवं छठ पर्व के दृष्टिगत महानगर में साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, घाटों की सुरक्षा, पेयजल आपूर्ति एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की तैयारियों को लेकर नगर आयुक्त द्वारा नगर निगम के समस्त संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक में समस्त अपर नगर आयुक्त, मुख्य अभियंता, महाप्रबंधक जलकल, समस्त जोनल अधिकारी, जोनल सेनेटरी अधिकारी, सफाई निरीक्षक, अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता एवं अवर अभियंता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।नगर आयुक्त ने निर्देशित किया कि त्योहारों से संबंधित सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं। समस्त विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, जिससे दीपावली एवं छठ पर्व के दौरान नागरिकों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। छठ पर्व पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत नगर आयुक्त ने गहरे पानी वाले घाटों पर बैरिकेडिंग कराने के निर्देश दिए। ऐसे स्थलों पर सावधान! आगे गहरा पानी है के चेतावनी संकेतक भी लगाए जाएं। समस्त जोनल अधिकारी अपने-अपने जोन के अंतर्गत आने वाले घाटों का निरीक्षण कर आवश्यक स्थानों पर बैरिकेडिंग एवं संकेतकों की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। बैठक में नगर आयुक्त द्वारा महाप्रबंधक जलकल को निर्देशित किया गया कि छठ पर्व पर मोहल्लों में बनाए जाने वाले अस्थायी पोखरों में आवश्यकतानुसार जलकल के टैंकरों से पानी भरवाया जाए। महाप्रबंधक जलकल द्वारा अवगत कराया गया कि इस वर्ष भी आवश्यकता के अनुसार टैंकरों से पानी भरने की व्यवस्था की जाएगी। नगर आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि त्योहारों की तैयारियों एवं आवश्यक व्यवस्थाओं के दृष्टिगत आगामी 15 दिनों तक किसी भी अधिकारी एवं कर्मचारी को अवकाश पर स्पष्ट एवं आसानी से दिखाई देने वाले स्थानों प्रदान नहीं किया जाएगा।



❖ अगले 15 दिनों तक प्रतिदिन वार्डों का निरीक्षण करेंगे नोडल अधिकारी

आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड

Aadhar Housing Finance Ltd

कार्पोरेट कार्यालय: ऑफिस नं. 501 एवं 503, पांचवी मंजिल, लाईटब्रिज, साकी विहार रोड़, अंधेरी पूर्व, मुम्बई सबअर्बन (जिला) महाराष्ट्र 400072
गोरखपुर शाखा: शॉप नं. 3, 0122सी, दौडपुर, देवरिया बायपास के पास, गोरखपुर-273001, (उ.प्र.) **प्राधिकृत अधिकारी – प्रवेश कुमार मोबाइल नंबर 9760090694**

निजी संधि के माध्यम से सरफेसी अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के तहत संपत्ति की बिक्री के हेतु सूचना

चूँकि **आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (AHFL)** के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) के तहत सुरक्षित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। और चूँकि प्राधिकृत अधिकारी ने पहले ई-नीलामी नोटिस जारी किए थे लेकिन कोई सफल बोलीकर्ता को आकर्षित नहीं कर सका, और अब उसने नीचे दी गई सुरक्षित संपत्ति को निजी समझौते के माध्यम से विक्रय करने का फैसला किया है। प्राधिकृत अधिकारी को इस संबंध में कुछ इच्छुक व्यक्तियों से सुरक्षित संपत्ति की खरीद के लिए प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। प्राधिकृत अधिकारी एतद् द्वारा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 एवं 9 के संदर्भ में उपरोक्त संपत्ति की निजी समझौते के माध्यम से बिक्री के लिए आम तौर पर उधारकर्ताओं को यह नोटिस दे रहा है। खाते का विवरण इस प्रकार है:

क्रं.	लोन कोड नं. /शाखा	ऋणी/सह-ऋणी का नाम	मांग सूचना दिनांक एवं राशि	आरक्षित मूल्य (RP)	कुल बकाया ऋण राशि 30-10-2026 तक	सुरक्षित संपत्ति का विवरण
1.	(लोन कोड नं. 07110000245 / गोरखपुर शाखा)	श्री प्रकाश यादव (ऋणी) पूनम यादव (सह-ऋणी)	11-08-2025 & ₹ 6,58,879/-	₹ 14,50,000/-	₹ 8,20,768/-	संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, अरजी नं. 394 एवं 395 भूमि का भाग, ग्राम मौजा महादेव झारखंडी स्थित, टुकरा नं. 1, टप्पा एवं परगना हवेली, तहसील सदर, जिला गोरखपुर, उत्तरप्रदेश-273001, क्षेत्रफल 872 वर्गफीट **चतुर्सीमाएँ :** पूर्व- ओमप्रकाश यादव का मकान, पश्चिम-12 फीट चौडा रोड, उत्तर- गुड्डी देवी का मकान, दक्षिण- हम्मुकिर का शेष भाग

यह सरफेसी अधिनियम, 2002 के तहत 15 दिन का बिक्री नोटिस जो उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता एवं जमानतदार को दिया जाता है कि उपरोक्त वर्णित अचल संपत्ति, जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है और जिसका **भौतिक कब्जा** प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उसे 'जैसा है जहाँ है', 'जैसी है वैसी है', और 'जो भी है' के आधार पर निजी समझौते के माध्यम से बेचा जाएगा, ताकि आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड को देय राशि की वसूली की जा सके। यदि उधारकर्ता(ओं), सह-उधारकर्ता(ओं) के पास कोई ऐसा खरीदार है जो दी गई आरक्षित मूल्य से अधिक कीमत पर सुरक्षित संपत्ति खरीदने के लिए तैयार है, तो उधारकर्ता(ओं), सह-उधारकर्ता(ओं) को **24-11-2026** से एक दिन पहले AHFL को सूचित करना होगा, जिसके बाद AHFL उस खरीदार को वरीयता देगा। यदि उधारकर्ता(ओं), सह-उधारकर्ता(ओं) **24-11-2026** से एक दिन पहले सूचित करने में विफल रहते हैं, तो AHFL उक्त दिए गए आरक्षित मूल्य पर संपत्ति की बिक्री के लिए आगे बढ़ेगा। यह संपत्ति AHFL को ज्ञात या अज्ञात, सभी मौजूदा और भविष्य के भारों के साथ बेची जा रही है। प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित लेनदार किसी भी तीसरे पक्ष के दावों/अधिकारों/बकाए के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा। क्रेता को अपनी संतुष्टि के लिए संपत्ति (निजी समझौते के माध्यम से बिक्री के तहत) से संबंधित सभी पहलुओं पर उचित जांच पड़ताल करनी चाहिए। क्रेता बाद की तारीख में इस संबंध में प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित लेनदार के खिलाफ कोई दावा करने का हकदार नहीं होगा। **विक्रय की दिनांक 24-11-2026 तय की गई है।** यह समाचार पत्र एवं इसमें निहित जानकारी सामान्य जन-प्रसार के लिए है। इस विज्ञापन के किसी भी हिस्से या पूरे भाग को किसी भी रुप या माध्यम से-चाहे वह प्रिंट, डिजिटल, इलेक्ट्रॉनिक प्रकाशन, ई-मेल, वेब प्रकाशन हो या कोई अन्य तरीका-पुनः प्रस्तुत करना, वितरित करना, प्रसारित करना या फिर से प्रकाशित करना पूरी तरह से वर्जित है। किसी भी माध्यम से इस सामग्री का कोई भी अनधिकृत उपयोग किए जाने पर AHFL द्वारा उचित कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

स्थान : उत्तर प्रदेश, दिनांक : 04.11.2026

सही/- प्राधिकृत अधिकारी
आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड